## खबर संक्षेप

### अबोध शिशु का शव पानी में तैरता मिला

**दमुआ।** कांगला भाखरा के पास किसी ग्रामीण के खेत के किनारे स्थित तैल्या में अज्ञात अबोध शिशु का शव पानी मं तैरता पाया जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा दमुआ पुलिस को दी गई पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शिशु के शव अपने में कब्जे मे लेकर पोस्टमार्डम के लिए भिजवा दिया तथा मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

### ऋषि पंचमी पर भण्डारे का आयोजन



**दमुआ।** गुरूवार को श्री महाकालेश्वर धाम मोक्षधाम परिसर दमुआ में ऋषि पंचमी के पावन अवसर पर श्री जगदीश कहार, संतोष कहार, गंगा प्रसाद कहार, राजेश कहार, मनोज कहार, दिनेश कहार, बाबू कहार आदि कहार परिवार दमुआ वार्ड न. 10 के निवासी के द्वारा ऋषि पंचमी के अवसर पर श्री महाकालेश्वर धाम मोक्षधाम दमुआ परिसर में महाप्रसादी भण्डारे का आयोजन किया गया जहां समस्त आने जाने वाले नागरिकों को राहगिरो , वाहन चालक को और भक्त श्रद्धालुओं भक्तजनो ने कार्यक्रम मे सामिल होकर सभी ने महाप्रसादी ग्रहण किया और पुण्यलाभी भी अर्जित किया ज्ञात हो हर वर्ष ऋषी पंचमी पर यहां महाप्रसादी भण्डारे का कार्यक्रम जगदीश कहार परिवार दमुआ न. 8 एवं वार्ड नं. 10 कहार परिवार के सौजन्य से प्रसादी वितरण किया गया।

## चहेती कंस्ट्रक्शन कंपनी जुन्नारदेव, छिंदवाड़ा हार्डवेयर वालों को किये भुगतान की होनी चाहिए जांच

# तामिया के सचिव ने अवकाश के दिन सहित तीन दिनों में कर डाला 14 लाख से अधिक का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया ( बाबा ठाकुर )

तामिया जो कि मुख्यालय ग्राम पंचायत है। इसमें प्रभारी सचिव ने निर्माण कार्यों के नाम पर जमकर फर्जीवाड़ा कर सरकारी राशि की जमकर लूट खसोट की थी। इसी के चलते यहां पर धूसावानी सचिव को पूर्ण कालिक सचिव बनाया गया, लेकिन वह प्रभारी सचिव से चार कदम आगे निकले उन्होंने पिछले सचिव के समकक्ष भ्रष्टाचार एवं फर्जीवाड़ा कर डाला जो पंचायत पोर्टल पर साफ नजर आ रहा है। तीन दिनो में 14 लाख 58 हजार 790 रुपए का भुगतान चहेते सप्लायरों के नाम कर डाला। यदि इन किए गए भुगतान के मूल्यांकन भौतिक सत्यापन एवं लगाए बिल एवं बिल देने वालों को संज्ञान में लेकर जांच करेंगे तो नवागत सचिव का शुरुआती दौर में ही बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर होगा।





### सीईओ तामिया एवं जिला पंचायत को करनी चाहिए जांच

तामिया में नव पदस्थ सचिव ने जो लगभग 15 लाख का भुगतान निर्माण कार्य के नाम आनन फानन मै किया है, उसकी जांच करवा कर निर्माण कार्य से संबंधित किया भुगतान का मिलन करेंगे एवं निर्माण कार्य का भौतिक सत्यापन करेंगे तो इन तीन दिनों में किए गए फर्जी भुगतान में फर्जी बिल देने वाले ट्रेडर्स एवं सप्लायर भी कटघरे में खड़े नजर आएंगे।

### पांचवे राज्य वित्त एवं अन्य मदों की राशि में की जाती है लूट

पांचवें राज्य वित्त आयोग मूलभूत ब्याज एवं अन्य मदों की राशि सीधे पंचायत के खाते में आती है। पंचायत में पंचों की मीटिंग बुलाकर वार्ड वार पंचों से राय लेकर उस वार्ड में जनहितैषी निर्माण कार्य करवाये जाते है, लेकिन सचिव सारे पंचायती राज अधिनियम को दरकिनार कर अपनी मनमर्जी से निर्माण करवाते.है क्योंकि इनमें सीधी सीधी कमाई जो है। इस कारण जनहित के बजाय स्वार्थ हित के काम अनावश्यक रूप से करवा कर लूट मचाये हुए हैं।

### वार्ड नंबर 10 के निवासी सीमेंट रोड बनवाने भटक रहे हैं

तामिया पंचायत के वार्ड नंबर 10 के निवासी सीमेंट रोड बनवाने के लिए पंचायत के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनकी समस्या के समाधान का सचिव एवं अधिकारियों के पास कोई निराकरण नजर नहीं आ रहा है। आज भी अपनी समस्या लेकर जनपद पंचायत तक पहुंचे थे, जहां उन्हें सिर्फ भरोसा मिला है।

### अवकाश के दिन भी पंचायत ने कर डाला भुगतान

ग्राम पंचायत के नए सचिव का कारनामा ही कहां जाए की उन्होंने गणेश चतुर्थी के त्यौहार पर शासन द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किया था, लेकिन मनरेगा के पोर्टल पर 27 अगस्त को पांच बिल के माध्यम से 4649 22 रुपए का भुगतान किया जाना उनके फर्जीवाड़े को पुख्ता करता है।

### छिंदवाड़ा-जुन्नारदेव से पोर्टल पर सामग्री खरीदी दर्शायी गई

तामिया ग्राम पंचायत के फर्जीवाड़े का एक और उदाहरण पोर्टल पर नजर आया है कि जुन्नारदेव-छिंदवाड़ा की दुकानों से क्या निर्माण सामग्री की खरीदी गई है। इसके बिल पोर्टल पर कोरे नजर आ रहे हैं। यदि खरीदी की गई है तो किस वाहन से सामग्री आई है और किसने से खाली करवाया ईसकी जांच से भी फर्जीवाड़े उजागर होगा।

### पंचायत दर्पण पर निर्माण कार्य की स्वीकृति विवरण का नहीं उल्लेख

पंचायत अधिनियम के तहत पारदर्शिता के उद्देश्य से पंचायत दर्पण बनाया गया था जिससे आम नागरिक को शासन की योजना एवं निर्माण कार्य से संबंधित स्वीकृति किस मद से निर्माण हुआ। इसकी जानकारी लग सके लेकिन पंचायत दर्पण कोरा नजर आ रहा है।

### ओटीपी से पकड़ा जा सकता है फर्जीवाड़ा

ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य का भुगतान किया जाता है तो सरपंच सचिव के रजिस्टर्ड मोबाइल पर संयुक्त डीएससी पर भुगतान के लिए ओटीपी आती है, तब कहीं जाकर संबंधित सप्लायर के खाते में भुगतान की राशि जाती है। इसकी भी जांच करेंगे तो फर्जीवाड़ा पता चलेगा।

### पंचायत की मीटिंग में नहीं होता भुगतान का अनुमोदन

पंचायती राज अधिनियम के तहत ग्राम पंचायत द्वारा कोई भी भुगतान निर्माण से संबंधित किया जाता है तो उसके लिए पंचों की मीटिंग बुलाकर अनुमोदन करवाया जाता है, लेकिन यहां पर ऐसा कुछ नहीं है। पंचों से पूछने पर पता चला कि केवल राष्ट्रीय त्यौहार पर ही ग्राम पंचायत की मीटिंग होती है। भुगतान से संबंधित मीटिंग होने से सभी पंचों ने साफ इनकार किया।

### महिला सरपंच के भोलेपन का फर्जीवाड़ा करने वाले उठा रहे लाभ

तामिया पंचायत में महिला सरपंच निर्वाचित हुई है जो भोलीभाली आदिवासी हैं, उन्हीं के भोलेपन का फायदा उठाकर सचिव एवं पंचायत से संबंधित निर्माण कार्य में दखल रखने वाले उनकी डीएससी अपने पास रखते हैं जिससे पंचायत अधिनियम में महिला आरक्षण सरपंच होने पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है।

## कौशल उन्नयन मेले में 160 युवक-युवतियों ने लिया हिस्सा



**छिंदवाड़ा।** पेंच टाइगर रिजर्व क्षेत्र छिंदवाड़ा सिवनी के क्षेत्र संचालक देवा प्रसाद जे, उप संचालक रजनीश सिंह के निर्देशन में सहायक वन सरंक्षक अतुल पारधी के मार्गदर्शन में खमारपानी बफर जोन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ईको विकास समितियों बेरोजगार युवक-युवतियों के कौनल विकास हेतु कौशल उन्नयन मेला का आयोजन खमारपानी के मानस भवन में किया गया। खमारपानी परिक्षेत्र सहायक प्रशांत घोरमारे ने बताया की युवक युवतियों को जेसीबी ऑपरेटर, ब्यूटी पार्लर, मोबाइल रिपेयरिंग; प्लबर, वेल्डर, कुक, बाइक रिपेयरिंग, ड्राइविंग आदि के प्रशिक्षण हेतु काउंसिलिंग की गई। कौशल विकास उन्नयन मेला में 20 ईको विकास समितियों के 160 बेरोजगार युवक-युवती ने भाग लिया। युवक-युवती को अपने रूचि अनुरूप प्रशिक्षण दिया जाएगा। खमारपानी बफरजोन परिक्षेत्र अधिकारी धमेन्द्र बिसेन ने मेला आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए प्रशिक्षण की महत्ता के बारें में बताया। कार्यक्रम में रेंजर धमेन्द्र बिसेन, परिक्षेत्र सहायक प्रशांत घोरमारे, धमेन्द्र चौरिया, वनरक्षक हेमंत उइके, नितेश बरकड़े, श्रीमती सारिका चौरसे, सुरभि गौतम, खमारपानी ईको विकास समिति अध्यक्ष समेत पदाधिकारी उपस्थित थे।इन कंपनियों ने लिया हिस्सा - मिली जानकारी के अनुसार कौशल उन्नयन मेले में रूरल स्किल डेवलपमेंट, एंजेल समाजसेवी संस्था, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन आदि कंपनियों ने हिस्सा लिया।

## मोबाइल एप के माध्यम से करेंगे किसान फसल का पंजीयन

**सौंसर।** कपास कृषकों द्वारा कपास सीजन 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य एमपीएस योजना के अंतर्गत कपास बिक्री हेतु कपास किसान मोबाईल₹ ऐप के माध्यम से आधार आधारित स्वंय पूर्व-पंजीकरण की कृषि उपज मंडी सौसर की ओर से सूचना दी जा रही है।कृषि उपज मंडी कार्यालय सौसर से मिली जानकारी के अनुसार खरीफ सीजन वर्ष 2025-26 में भारतीय कपास निगम द्वारा कपास समर्थन मूल्य पर क्रय किया जाना है। भारतीय कपास निगम द्वारा इस वर्ष कपास खरीदी हेतु आधार आधारित स्वंय पूर्व-पंजीकरण कपास किसान मोबाईल ऐप बनाया गया है। इस ऐप में किसानों द्वारा अपना पंजीयन स्वंय किया जाना है।कपास किसान₹ मोबाईल ऐप 30 अगस्त 2025 से आईओएस से डाउनलोड किया जा सकता है। पूर्व पंजीकरण की प्रक्रिया 01 सितम्बर 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक खुली रहेगी।

पंजीकरण करते समय किसानो को वैध भूमि अभिलेख, कपास की बुआई क्षेत्र का विवरण, जो कि संबंधित राजस्व विभाग / कृषि विभाग/कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा प्रमाणित हो। स्वंय पंजीकरण के बाद किसानो द्वारा अपलोड किये गये को संबंधित राज्य सरकार के प्राधिकरण द्वारा ऐप के माध्यम से अनुमोदित किया जाना आवश्यक है।भारतीय कपास निगम द्वारा ₹कपास किसान₹ मोबाईल ऐप में स्लॉट बुकिंग की सुविधा आरंभ की जा रही है। जिससे पंजीकृत किसान 7 दिवस के रोलिंग आधार पर स्लॉट बुक कर तिथि चुन सकते है।

# एमआईसी में प्रस्तावों पर लगी मोहर

### नगर निगम कार्यालय बनेगा आईएसओ प्रमाणीकृत कार्यालय







हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

नगर निगम महापौर विक्रम अहके की अध्यक्षता में गुरूवार को मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में निम्न प्रस्ताव पारित किए गए। शहर विकास के लिए बनाए गए प्रस्तावों को सभी की सहमित से पास किया गया। इस अवसर पर मेयर सहित निगम आयुक्त व वार्डपार्षद मौजूद रहे। जिन प्रस्तावों पर सहमति बनी वे इस प्रकार है।

**प्रस्ताव क्र 01**

माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में दायर रिट पिटिशन क्रमांक-8962/2025, ब्रजेश पाण्डेय विरूद्ध म०प्र० शासन व अन्य में पारित निर्णय दिनांक 13.03.2025 के परिपेक्ष्य में ₹भवन अधिकारी (सहायक यंत्री सिविल)₹ एकल पद पर पदोन्नति हेतु आहुत जिला चयन समिति की बैठक दित्तांक 04/07/02025 में अनुशंसा अनुसार स्वीकृति एवं पदोन्नति की पुष्टि म०प्र० शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग भोपाल से कराये के संबंध में प्रकरण पारित हुआ।

**प्रस्ताव क्र 02**

मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल, दिनांक 19 जून 2025, मध्यप्रदेश लोकसेवा पदोन्नति नियम-2005 अनुसार निकाय के अधिकारी / कर्मचारीयों को पात्रतानुसार पदोन्नति प्रदान किये जाने के संबंध में प्रकरण पारित किया गया।

**प्रस्ताव क्र 03**

म०प्र० नगर पालिक निगम (अधिकारियों तथा सेवकों की नियुक्ति तथा सेंवा की शर्ते) नियम-2000 की अनुसूची-चार नियम-8 (4) तथा 10 (1) अन्तर्गत सीधी भर्ती / पदोन्नति समिति आहूत की बैठक दिनांक 04/07/2025 में 'इलेक्ट्रीक पर्यवेक्षक के पद पर पदोन्नत श्री. लियाकत खान की पुष्टि के संबंध में प्रकरण पारित किया गया।

**प्रस्ताव क्र 04**

नगर पालिक निगम छिन्दवाडा स्वामित्व की चंदनगांव बोदरी पुल के पास हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से लगी हुई भूमि खसरा नं. 823 रकबा 240 वर्गमीटर को भू-स्वामी के अधिकार में अंतरण किये जाने के संबंध में प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत है।

**प्रस्ताव क्र 05**

नगर पालिक निगम, छिन्दवाडा स्वामित्व के मैदानों के आरक्षण के संबंध में अधितम राशि जमा करने वाले आवेदक को आवंटन का प्रस्ताव पारित किया गया।

**प्रस्ताव क्र 06**

नगर पालिक निगम छिन्दवाडा द्वारा संचालित तीन जल शोधन संयंत्रों के सुचारू संचालन हेतु 09 कुशल कर्मचारियों को संयंत्र संचालन एवं संधारण हेतु आउटसोर्स के माध्यम से सेवाएं प्रदान करने के संबंध में प्रकरण पारित हुआ।

**प्रस्ताव क्र 07**

जल संसधान विभाग मध्यप्रदेश को कन्हरगांव जलाशय के कच्चे पानी की राशि 6,14.52,278/- रूपये पर सरचार्ज राशि 21,22,13,589/- रूपये अरोपित किया गया है। उक्त सरचार्ज की छूट दिये जाने हेतु पत्र प्रेषित किये जाने के संबंध में प्रकरण पारित हुआ।

**प्रस्ताव क्र 08**

निकाय के अधिकारी/कर्मचारी के एन.पी.एस. एवं जी.पी.एफ. के लिए संचितं निधि से 2.00 करोड राशि आहरित किये जाने के संबंध में प्रकरण पारित हुआ।

**प्रस्ताव क्र 09**

नगर पालिक निगम छिन्दवाडा को ISO प्रमाणीकरण किये जाने हेतु प्रकरण पारित हुआ।

**अतिरिक्त प्रस्ताव**

वार्ड क्रमांक 46 झूलेलाल द्वार एवं हरे माधव द्वार का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। इस बैठक में नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय, उपायुक्त कमलेश निरगुड़कर, आर एस बाथम कार्यपालन यंत्री हिमांशु अतुलकर सहित समस्त सभापति, अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अब जिले की महिलाएं भी बड़ी संख्या में निखारेंगी अपना तकनीकी कौशल

### शासकीय आईटीआई में महिलाओं के प्रवेश में छिंदवाड़ा जिला प्रदेश में द्वितीय स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



यह गर्व और हर्ष का विषय है कि छिंदवाड़ा जिले ने एक और नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए महिला सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। कौशल विकास संचालनालय मध्यप्रदेश द्वारा प्रवेश सत्र 2025 में जिले की सभी शासकीय आईटीआई में महिलाओं के प्रवेश का लक्ष्य 35 प्रतिशत रखा गया था, लेकिन कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के प्रभावी मार्गदर्शन और प्रेरणा से जिले ने सामूहिक प्रयासों से इस लक्ष्य को न केवल हासिल किया, बल्कि इस लक्ष्य को पार कर 37 प्रतिशत महिलाओं को आईटीआई में प्रवेश दिलाकर इतिहास रचते हुए प्रदेश में अपनी एक विशेष पहचान बनाई है। शासकीय आईटीआई में कुल प्रवेश और महिलाओं के प्रवेश में छिंदवाड़ा जिला प्रदेश में दूसरे स्थान पर है।

जिले की इस उपलब्धि पर प्रदेश के कौशल विकास संचालनालय, भोपाल द्वारा छिंदवाड़ा कलेक्टर श्री सिंह के प्रयासों, सहयोग और मार्गदर्शन को प्रशंसा पत्र जारी करते हुए सराहा गया है। यह सम्मान छिंदवाड़ा जिले के सामूहिक प्रयासों, नेतृत्व और उत्कृष्ट मार्गदर्शन की पहचान है। इस सफलता से प्रदेश में शासकीय आईटीआई में महिलाओं के प्रवेश करने में छिंदवाड़ा जिला यह उपलब्धि प्राप्त करते हुए प्रदेश का टॉप 2 जिला बन गया है। यह उपलब्धि न केवल संख्याओं की उपलब्धि है, बल्कि जिले और समाज में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और शिक्षा व कौशल विकास के क्षेत्र में उनकी सशक्त उपस्थिति का प्रतीक है।

# नपाध्यक्ष के वार्ड में स्थापित हैंडपंप में पानी कम आने से वार्डवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमुआ

न.पा.प दमुआ के निकाय क्षेत्र वार्ड नं. 8 माईनस मस्जिद के पास एक पानी का हेण्डपंप लगा हुआ है जिससे लगभग आस पास के 200-300 घरो के लोगो को पानी की आपूर्ति करता है और सुबह होते हुए लोग हेण्डपंप से पानी भरने लगते है क्योंकि हेण्डपंप का पानी शुद्ध एवं स्वच्छ है इसलिए हेण्डपंप मे अक्सर भीड रहती है किन्तु कुछ माह से हेण्ड में पानी कम आ रहा है जिससे पानी भरने वाले आम जन लोगो को परेशान होना पड रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ज्ञात हुआ है कि हेण्डपंप में तकनीकि खराबी फुटबाल और वाशर भी खराब हो गया है तथा



हेण्डपंप के आसपास बना हुआ प्लेटफार्म भी टूट गया तथा आसपास गंदगी बनी रहती है। खास बात तो यह कि रात्रि के समय जब लोग पानी भरने जाते है तो वहा पर अंधेरा छाया रहता है। मुख्य बात तो यह कि उक्त हेण्डपंप वर्तमान न.पा. अध्यक्ष का वार्ड है । उक्त संबंध में सूचना देने के उपरान्त भी न.पा.द्वारा किसी प्रकार का ध्यान नही दिया जा रहा है।

### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में तीन घंटे चली जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक

# विकास कार्यों में लापरवाही पर सांसद ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

सांसद बंटी विवेक साहू ने छिंदवाड़ा जिलें में चल रहे केन्द्र एवं राज्य सरकारों के विकास कार्यो में लापरवाही करने पर नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान कुछ अधिकारियों को तत्काल ही जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कहा, जिस पर अधिकारियों ने अपने विभाग के कर्मचारियों से संपर्क कर सांसद के समक्ष जानकारी प्रस्तुत की। अधूरी जानकारी उपलब्ध कराने पर सांसद ने अधिकारियों को जल्द से जल्द संपूर्ण जानकारी तैयार करते हुए उन्हें अवगत कराने को कहा। विदित हो कि सांसद बंटी विवेक साहू ने गुरुवार को दोपहर 1 बजे से दोपहर 4 बजे तक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की लगातार मैराथन बैठक ली। सांसद श्री साहू ने प्रमुख जनप्रतिनिधियों को दिशा समिति में शामिल करते हुए कार्ययोजना तैयार की थी, जिसे लेकर उन्होंने क्रमवार संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान समिति के सदस्यगण प्रमुख रूप से बैठक में उपस्थित थे।

### सांसद ने अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

बैठक के दौरान सांसद श्री साहू ने विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना में जिले को देश और प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर खुशी जाहिर करते हुए प्रशासन द्वारा किए गए नवाचार की प्रशंसा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को सफल बनाने के लिए संबंधित पंचायतों के सरपंचों और सचिवों की जिम्मेदारी तय करने के लिए अधिकारियों को कहा। इस योजना में भी छिंदवाड़ा जिला प्रदेश में दूसरे स्थान पर आने पर उन्होंने खुशी जाहिर की।



### सांसद ने संजीवनी केन्द्रों को शीघ्र शुरू करने के लिए कहा

बैठक के दौरान सांसद श्री साहू ने जिले में बनकर तैयार हो गए संजीवनी केन्द्रों को आमजनों की सुविधा के लिए जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। साथ ही कुपोषित बच्चों की देखभाल के लिए एनआरसी योजना के तहत अस्पतालों में बेडों की संख्या बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी अधिकारियों को दिये है। वहीं पांढुर्णा और मोहखेड़ में अभी तक एनआरसी की सुविधा नहीं होने पर भी नाराजगी जताते हुए इस पर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी दिए है। जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा में सोनोग्राफी की सुविधा जल्द शुरू करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के लिए भी अधिकारियों को कहा है।

**इश्तहार**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार गोविन्द पिता दुलीचंद एवं मुरारी पिता दुलीचंद, निवासी-सोनपुर, जिला-छिंदवाड़ा द्वारा सन 1977 में एक 30 डिस्मिल मौजा सोनपुर प०ह०नं०-111, ब०नं०-588, रा०नि०म० छिंदवाड़ा-2, तहसील व जिला-छिंदवाड़ा स्थित भूमि ख०नं०-77 में से रकबा-01 एकड़ 30 डिस्मिल खारी वाला खेत, जिसकी चतुर्सीमा उत्तर में मुरारी का खेत, दक्षिण में बस्ती, पूर्व में रास्ता तथा पश्चिम में मुरारी का खेत स्थित है, इस चतुर्सीमा के मध्य भूमि का इकरारनामा दिनांक-01/04/1977 को गोविन्द और मुरारी ने हीरालाल से खरीदकर कब्जा प्राप्त कर लिया था, जहां पर गोविन्द और मुरारी का मकान भी स्थित है, किन्तु त्रुटिवश इस खसरे में कपसीबाई का नाम राजस्व रिकार्ड में गलत तरीके से आ गया और नक्शा भी गलत तरीके से बना है, इस भूमि पर कपसीबाई का कोई कब्जा नहीं रहा है, मेरे पक्षकार गोविन्द एवं मुरारी का कब्जा 50-60 वर्षों से संपूर्ण भूमि पर है और उनके मकान बने हुए है, सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त वर्णित भूमि का सौदा कपसीबाई से ना करें, नहीं तो उक्त सौदा शून्य माना जावेगा, उक्त वर्णित संपति पर कोई आपति हो तो मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत उपस्थित होकर या डाक के माध्यम से लिखित रुप में आपति प्रस्तुत करें एवं सर्वसाधारण अनावश्यक कानूनी कार्यवाही से बचें।

सूचना जानिये ।

छिंदवाड़ा
दिनांक-28/08/2025

भवदीय
गोविन्द माहोरे, अधिवक्ता
मो0 नंबर-9407849728

## नवनियुक्त पदाधिकारियों का आयोजित किया जाएगा स्वागत समारोह

# बुनकरों को मिली शेष बकाया 1.5 करोड़ की राशि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सौंसर

बुधवार को सौसर के बुनकरों द्वारा भोपाल में संत रविदास हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम भोपाल के एम.डी. श्री नागर से मुलाकात की गई है।पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष सुखमन बैंडे ने बताया कि सौसर विधायक विजय चौरे द्वारा कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग राज्य मंत्री दिलीप जैसवाल से फोन पर चर्चा कर बुनकरों की समस्या से अवगत कराकर शेष बकाया राशि एवं पूर्ण वर्ष कार्य प्रदान करने हेतु अनुरोध किया था जिसके पश्चात बुनकरों ने बुधवार को हाथकरधा विकास निगम भोपाल के एम.डी.से मुलाकात की गई है।इस दौरान श्री नागर द्वारा बुनकरो की शेष बकाया राशि 5 लाख 17 हजार का भुगतान भी तत्काल किया एवं



प्रतिवर्ष 1.5 करोड़ का धागा पूर्ति करने हेतु आश्वस्त किया गया जिसमे से हस्तशिल्प एवं हाथकरधा विकास निगम के खाते में 50 लाख की राशि धागा क्रय करने हेतु भुगतान की गई। ज्ञात हो कि सौसर क्षेत्र के गरीब मज़दूर बुनकरों कि लगभग 50 लाख रुपए की राशि बकाया थी जिसके संबंध में विधायक विजय चौरे द्वारा पूर्व में बुनकर साथियों के साथ भोपाल पहुंचकर वरिष्ट अधिकारी के चैम्बर में धरना दिया था। विधायक श्री चौरे ने कहा कि अब बुनकरों का रोजगार सुचारू रूप से चलेगा एवं उन्हें आर्थिक तंगी से जूझना नही पड़ेगा,इस दौरान सुखमन बैंडे,गौरीशंकर हेड़ाऊ, चंद्रशेखर कोल्हटकर,रमन नीमजे,गंगाधर शेंद्रे,ओमकेश्वर हेड़ाऊ,प्रेमनाथ कोल्हटकर, भोजराज लिखारे आदि ने मंत्री दिलीप जैसवाल,विधायक विजय चौरे एवं एम.डी श्री नागर का आभार व्यक्त किया है।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सौसर अध्यक्ष राजेंद्र येमदे,पुनाराम बाविस्टाले ने आभार व्यक्त किया है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी छिंदवाड़ा के नवनियुक्त अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे जिला कांग्रेस कमेटी पांढुरना के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष जतन उइके की नियुक्ति पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सौसर द्वारा 30 अगस्त दिन शनिवार को दोप 1 बजे मंजुला मंगल कार्यालय सौसर में स्वागत एवं सत्कार समारोह आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में जिला प्रभारी गंगा प्रसाद तिवारी, प्रदेश प्रभारी रामू टेकाम,सौसर विधायक विजय चौरे,पांढुरना विधायक निलेश उइके, जिला समन्वयक भागवत महाजन आदि मौजूद रहे।

## पूर्व सैनिकों की तहसील कार्यालय में बैठक

**सौसर।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्ति विंग कमांडर देवेंद्र सिंह तोमर ने सौसर तहसील का दौरा करते हुए पूर्व सैनिकों से चर्चा की, इस दौरान सौसर तहसील के पूर्व सैनिकों के साथ तहसील कार्यालय में एस डी एम सिद्धार्थ पटेल के उपस्थिति में पूर्व सैनिकों विभिन्न विषयो ओर समस्याओं पर चर्चा की,जिसमे ई सी एच एस, सुविधा, सी एस डी संबंधित जानकारी, वायु वृद्धि पेरेंट्स के इनकम सर्टिफिकेट, विधवा की पेंशन संबंधी समस्या आदि शामिल थी।बैठक के दौरान पूर्व सैनिकों के लाभ और कल्याणकारी योजना कुछ नया इंप्लीमेंट करने पूर्व सैनिकों को मिलने वाले रिजर्वेशन को लेकर चर्चा की गई। पूर्व सैनिक प्रदीप कलसकर ने बताया की बैठक के दौरानपूर्व सैनिक के बेटी के विवाह पर सरकार की ओर से पहले दस हजार रुपए मिलते थे,उसे बढ़ाकर अभी 51000/ कर दिए गए हैं,आदि चर्चा की गई,बैठक में पूर्व सैनिक राजेश्वर परतेंती, रमेश गौतम, बी एस राजुरकर, अरुण धुर्वे, आशीष ठाकरे, सतीश विश्वकर्मा, रूपचंद घाटोडे , प्रदीप कलसकर आदि उपस्थित थे।



## खैरीपैका के छात्रों को मिली निशुल्क साइकिलें



**पांढुर्ना।** शासन की योजनांर्गत खैरीपैका की शासकीय माशा में कक्षा 6 के 5 पात्र विद्यार्थियों को निशुल्क साइकिलें वितरीत की गई। शासन के नियमानुसार जो बच्चे 3 किमी दूर से पैदल शाला में आना जाना करते है वे निशुल्क साइकिल पाने के लिए पात्र होते है। साइकिलें निशुल्क प्राप्त होने पर बच्चों ने खुशी जाहिर की। इस अवसर पर जनपद पंचायत के पूर्व सदस्य गणपति आगरे, भाजपा नेता कृष्णकुमार डोबले, सरपंच एवं शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष हीरालाल पराडकर, शिक्षक सुनील यावले, दीपिका बालपांडे, मोहिनी मैडम तथा सुभाष डोबले मौजूद रहे।

## ऋषि पंचमी पर भवानी माता मंदिर में हुआ भंडारा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सौंसर

गुरुवार को ऋषि पंचमी पर्व के उपलक्ष्य में नगर के भवानी माता मंदिर परिसर में बडे ही भव्य और श्रद्धामय वातावरण में डहाका, कढई एवं महाप्रसाद वितरण का आयोजन सम्पन्न हुआ। प्रातःकाल से ही मंदिर प्रांगण श्रद्धालूओं की भीड से गूंज उठा। सैकडों महिलाओं ने पंरपरागत रीति रिवाजों के साथ व्रत रखकर सप्तऋषियों का पूजन किया। मंदिर परिसर में आयोजित संगीतमय डहाका, कढई और आरती हुई। आरती में जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड, मंदिर कमेटी अध्यक्ष जयंत गुरू, चिंतामन डहाके, दिलीप बतरा, सुधीर ठाकरे, अतुल जुननकर, मारोती लोणारे, नंदु तितर, सुभाष गोहाडे, चंदनकर बाबुजी, प्रकाष लोणारे, नामदेव ईवनाती, छगन गवनेकर सहित बडी संख्या में श्रद्धालू उपस्थित हुये। इसके पष्चात मंदिर परिसर में षाम तक महाप्रसाद का वितरण किया गया। दिन भर मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

## खेल दिवस पर महाविद्यालय में खेल आयोजन आज

**जुन्नारदेव।** खेल के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के अवसर पर खेल दिवस के उपलक्ष में शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में अंतर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर ए के टांडेकर के मार्गदर्शन में एवं खेल अधिकारी नीरज पाल के निर्देशन में महाविद्यालय के इंडोर स्टेडियम में किया जा रहा है जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। खेल अधिकारी ने बताया कि महाविद्यालय में खेल आयोजन के लिए तैयारियां पूर्ण की जा चुकी है।

# जिले में अब तक रोपे 69 लाख 888 पौधे

## महिलाओं के लिए आई एक बगिया मां के नाम योजना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पांढुर्णा

आज बैठक के दौरान कलेक्टर अजय देव शर्मा ने म.प्र. शासन की एक बगिया मां के नाम परियोजना के बारे में जानकारी दी। इस योजना में वे वे महिलाएं शामिल हो सकती है जिनके पास 0.5 से 1 एकड तक निजी भूमि हो। यदि स्वयं की भूमि नहीं है तो महिला पति, पिता, ससुर या पुत्र की भूमि पर उनसे सहमति लेकर बगीचा लगा सकती है। इस बगीचे में शासन उर्वरक, गड्ढा खुदाई, तार फेंसिंग की सुविधा प्रदान कर रही है।

योजनांर्गत वर्ष में 2 बार फलोद्यान प्रबंधन प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें उर्वरक, सिंचाई, कीट नियंत्रण और उप फसल शामिल है। बैठक में कलेक्टर महोदय ने बताया कि अब पांढुर्ना जिले में वृक्षारोपण अभियान के तहत 69888 पौंधे रोपित किए गए है। इस महाअभियान के तहत नगरपालिका पांढुर्ना ने 10436, नगरपालिका सौंसर ने 8032, नगरपालिका पीपला ना. वार ने 620, नपा मोहगांव ने 1960 तथा नपा लोधिखेडा ने 2112 पौधों का रोपण किया है। इसी प्रकार जनपद पंचायत पांढुर्ना ने 22332, जनपद सौंसर ने 21386 पौधे लगाए। जिले में गीन फाउंडेशन द्वारा 3000 पौधे लगाए गए है। कलेक्टर महोदय ने इन सभी पौधों हेतु ट्री गार्ड, तार फेंसिंग किए पानी, खाद, निंदाई जैसे कार्य कराने के निर्देश जारी किए।




## आज मशाल धम्मयात्रा पांढुर्ना में

**पांढुर्ना।** महाबोधि महाविहार बौद्धगया को बीटीएस एक्ट 1949 से मुक्ति दिलाने के निकली भारत के लिए निकली मशाल भ्रमण यात्रा आज 29 अगस्त को पांढुना पहुंच रही है। ज्ञात हो कि महाबोधि महाविहार बौद्धों के हाथ सौंपने के लिए पूरे भारत में निरंतर धरना आंदोलन एवं प्रदर्शन जारी है। इस मशाल यात्रा में शामिल प्रतिनिधि मंडल का स्वागत भारतीय बौद्ध महासभा एवं डॉ. अंबेडकर जयंती समारोह समिति करेगी। इस यात्रा में प्रमुख रूप से पूज्य भदंत आकाश लामा उपस्थित रहेंगे। आज 29 अगस्त को स्थानीय तीन शेर चैक पर इस संबंध में नुक्कड सभा ली जाएगी। यह धम्मयात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से भ्रमण करते हुए नालंदा बुद्ध विहार महावीर वार्ड पहुंचेगी।

## अपने ही परिवार में चोरी करने वाले युवक को मिली जमानत

**वारासिवनी।** ऑनलाईन गेम की लत के कारण अपने ही घरों में चोरी करने वाले युवक के मामले को लेकर गुरुवार को अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अभिषेक चौधरी ने एक प्रेस वार्ता पुलिस थाना वारासिवनी में आयोजित की। जिसमें उन्होंने युवक द्वारा गिरवी रखे गए जेवरों व नगदी रकम की बरामदगी की जानकारी देते हुए घटना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री चौधरी के अनुसार चोरी के आरोप में गिरफ्तार युवक सिद्धांत दमाहे को ऑनलाईन गेम फाच्यून पी पी 2.काम की लत लगी हुई थी। थी। इस गेम मेंपैसा हारने के बाद दोबारा खेलने के लिए पैसे की जरुरत पडऩे पर उसने अपने ही घर और पड़ोसियों की अलमारियों का ताला खोलकर सोने-चांदी के आभषूण एवं नगदी राशि चोरी की और आभूषणों को गिरवी रख दिया। उसके बाद इस राशि को भी उसके द्वारा ऑनलाईन गेम में लगा दिया गया, जिसे वह हार गया था। श्री चौधरी के अनुसार आरोपी युवक सिद्धांत ने पड़ोसन सुनीता दमाहे के घर से सोने का मंगल सूत्र 10 मनी एवं सोने का झुमका, गजेन्द्र दमाहे की अलमारी से सोने का हार एवं चाँदी की पायल, राजेन्द्र दमाहे की अलमारी से सोने का हार, झुमके, टाप्स, अंगूठी, नथ, गले का लंबा हार, चाँदी की पायल एवं कंगन सहित 36000 रुपये नगद तथा देवेन्द्र दमाहे की अलमारी से सोने का हार एवं 25000 रुपये नगद चोरी किया था। जिनकी कुल लागत लगभग 8 लाख रुपये होती हैं।

## नियमित करने, कुशल श्रमिक का वेतन देने की मांग की

# ग्राम पंचायत मेट संघ ने विधायक को सौंपा 5 सूत्रीय मॉगों का ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** प्रदेश की विभिन्न ग्राम पंचायतों में मेट के रुप में कार्य कर रहे श्रमिकों ने अपनी मॉगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया हैं। पिछले लगभग 18-19 वर्षो से मेट के रुप में कार्य कर रहे यह श्रमिक अपने मानदेय को लेकर लामबंद हो गए हैं और उनके द्वारा पिछले कई वर्षो से शासन के समक्ष अपनी मॉगों को रखा जा रहा हैं, लेकिन आज तक शासन ने उनकी मॉगों पर कोई ध्यान नहीं दिया है। इसीलिए एक बार फिर से मेटों ने अपनी मॉगों को लेकर शासन व उनके प्रतिनिधियों से पत्राचार प्रारंभ कर दिया हैं।

इसी कड़ी में वारासिवनी ब्लॉक मध्यप्रदेश मनरेगा मेट महासंगठन के बैनर तले बुधवार को मेटों ने विधायक विवेक विक्की पटेल से उनके जनसंपर्क कार्यालय में मुलाकात की और उन्हें अपनी मॉगों का ज्ञापन सौंपा। विधायक श्री पटेल से चर्चा के दौरान मेटों ने बताया कि पूरे मध्यप्रदेश में 23 हजार ग्राम पंचायतों में 2 लाख 40 हजार मेट कार्य कर रहे हैं। लेकिन शासन द्वारा उनको आज तक नियमित नहीं किया गया और ना ही उन्हें मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 4 सितम्बर 2006 के अनुसार कुशल श्रमिक के रुप में कलेक्टर दर पर पारिश्रमिक का भुगतान किया जा रहा हैं। यही नहीं मध्यप्रदेश श्रम आयुक्त इंदौर द्वारा लागू दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी नियम 1948 द्वारा लागू मानदेय भी नहीं दिया जा रहा हैं।

उन्होंने अपने ज्ञापन में मॉग की हैं कि उन्हें नियमित किया जाये, कुशल श्रमिक के रुप में कलेक्टर दर पर पारिश्रमिक का भुगतान करने के साथ एरियर्स राशि का भुगतान किया जाए, ग्राम पंचायत के कच्चे एवं पक्के कार्यो में रोजगार गारंटी के तहत कार्यो का स्टीमेट इंजीनियर द्वारा तैयार किया जाता हैं, उसमें मेटो का कुशल श्रमिक का भुगतान करने की राशि दर्शाई जावें, पंचायतों में कार्यरत मेटों को चुनावी रंजिश के तहत अकारण हटाने की प्रवृत्ति को समाप्त किया जाए और एनएमएमएस में हो रही परेशानियों के लिए रोजगार सहायक एवं सचिव की भॉति मेटों को भी समय समय पर प्रशिक्षण दिया जावे।



विधायक श्री पटेल ने मेटों से चर्चा के बाद इस संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल से उनकी मॉगों व समस्याओं के संबंध में चर्चा करने का आश्वासन दिया। मेट संघ ने ज्ञापन की प्रतिलिपि कलेक्टर बालाघाट, सीईओ जिला पंचायत बालाघाट, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत वारासिवनी को भी दी हैं।

## लांजी व्यापारी संघ ने दिया मानवता का परिचय, व्यापारियों ने एकजुट होकर मृतक व्यापारी संदीप के परिवार को दी सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज लांजी।

लांजी नगर के वार्ड नंबर 3 में निवासरत संदीप वाद्य जो की लांजी नगर के में रोड में कई वर्षों से चाय का व्यवसाय करते थे। संदीप वाद्य एक बहुत ही सरल मृदु भाषी स्वभाव के व्यक्ति थे। और वह कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे जिनका इलाज नागपुर के अस्पताल में चल रहा था। वही परिवार में संदीप वाद्य के माता-पिता नहीं थे उनकी देखरेख उनके चाचा चाची के द्वारा ही किया जा रहा था साथ ही उनकी पत्नी भी उनकी सेवा भाव में लगी हुई थी परंतु ईश्वर को कुछ और ही मंजूर था आज से लगभग कुछ दिन पूर्व 22 अगस्त को संदीप वाद्य ने नागपुर के अस्पताल में अंतिम सांस ली संदीप वाद्य ने अपने पीछे दो मासूम बच्चे और पत्नी को छोड़ गया वहीं पत्नी की आंखों से बहते आंसू, बच्चों की बदहवास चीखें, रिश्तेदारों की अविश्वास भरी निगाहें, हर कोने में सिर्फ गम का सन्नाटा पसरा था. वहीं स्थानीय व्यापारी संदीप वाद्य की मृत्यु के बाद, लांजी व्यापारी संघ ने परिवार को आर्थिक सहायता राशि दी, जो मानवता का प्रतीक है। ऐसी घटनाओं में संघ का कार्य एक मजबूत सामुदायिक सहारा प्रदान करता है और परिवार को भावनात्मक और वित्तीय रूप से मदद करता है।इस प्रकार की सहायता राशि, परिवार को वित्तीय रूप से स्थिर होने में मदद करती है और उनके भविष्य की ज़रूरतों को पूरा करने में सहायक होती है। इस घटना से व्यापारी संघ की सक्रियता और सदस्यों के प्रति उनके समर्पण का पता चलता है, जो दूसरों के लिए एक प्रेरणा हो सकती है। व्यापारी संघ के अध्यक्ष गौरीशंकर सातपुते, सचिव किशोर रामटेकर ,अशोक पालीवाल, बबलम खान ,पिंटू अग्रवाल , सालिक रामटेक्कर एवं लांजी के समस्त व्यापारीगण मृतक संदीप वाद्य के परिवार का सहारा बनी।



## शासकीय महाविद्यालय लांजी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया आयोजित

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** शासकीय महाविद्यालय लांजी की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई द्वारा शासकीय महाविद्यालय के प्रांगण में शासकीय महाविद्यालय के प्रचार प्रोफेसर श्री आर आर सोनवाने के निर्देशन एवं नितेश कुमार मेश्राम कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय महाविद्यालय के संयोजक में किया गया ।वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों और स्वयंसेवकों की भागीदारी रही। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने और समुदायों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित होता है। इन कार्यक्रमों में पौधे लगाने के साथ-साथ लोगों को पौधों की उचित देखभाल के बारे में शिक्षित भी किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं छात्र/छात्राओं को प्राचार्य आर, आर सोनवाने ने संबोधित करते हुए इसके महत्व से अवगत कराते हुए बताया कि एक वृक्ष की कीमत हमारे जीवन में कितना होता है उन्होंने बताया कि एक सामान्य पेड़ साल भर में 20 किलो धूल सोखता है, 700 कि.ग्रा. ऑक्सीजन उत्सर्जित करता है। प्रति वर्ष 20 टन कार्बन डॉइऑक्साइड सोखता है तो बड़े पैमाने पर किया वृक्षारोपण कितना लाभ देगा आप समझ सकते है। इसके अतिरिक्त प्राचार्य श्री सोनवाने ने वृक्षारोपण को अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझाते हुए पौधों को रोपने के साथ उसके जीवन और सुरक्षा की बात कही।डॉ. गौतमा कठाने ने वृक्षों को ऑक्सीजन की फैक्ट्री बताते हुए अधिक से अधिक छायादार पेड़ लगाने को कहा उनके अनुसार वृक्ष 24 घंटे प्राणवायु देते है जिनके ऋण से हम कभी उऋण नहीं हो सकते।



प्रो.दीपमाला सूर्यवंशी ने कहा कि एक वृक्ष दस पुत्र के समान है पुत्र एक बार कर्तव्य विहिन हो सकता है पर वृक्ष समय आने पर पत्ती, फल, फूल, अवश्य देता है। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टॉफ डॉ गौतमा कठाने, प्रो. दीपमाला सूर्यवंशी, डॉ डालेश कुमार विजयवार, प्रो. महेश कुमार दमाहे, साहेब लाल ऐडे, डॉ. ललित कामडे, डॉ, जसपाल सिंह सिद्धू, जया कछवाहे, अंजली सोनी, मानशी ऊईके, वैभव मुरकुटे, शुभम रामटेके, शेषराम घोरमारे, एवं एन एन एस छात्र तथा विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं का विशेष में योगदान रहा।

## श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन निकाली श्री शिरोधार्य पोथी शोभा यात्रा

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** भगवान श्री कृष्ण,कुल देवी देवतओ एवं पूर्वजों की असीम कृपा से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 28/08/2025से 04/09/2025तक आयोजित किया गया है सात दिवसीय सप्ताह भक्ति ज्ञान यज्ञ के उपलक्ष पर श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन करीब 21 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर गांव में कलश यात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गई। कलशयात्रा के दौरान सुंदर झांकी में राधा कृष्ण आकर्षक का केंद्र बने रहे।किनापुर निवासी निवासी श्री शालिनी संतोष सिंह बैस के आवास पर ग्रामीणों द्वारा सामूहिक रूप से गुरुवार की दोपहर करीब दो बजे सप्ताह भक्ति ज्ञान यज्ञ के उपलक्ष्य पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन पर व्यास पीठासीन भरतजी महाराज (चित्रकूट धाम) द्वारा मुख्य रूप से संतोष सिंह बैस व उनकी पत्नी शालिनी देवी से पूजन कराया गया। गांव में ममता राजेश सिंह बैस, समेत 21 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गई। कलश यात्रा का ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

चित्र कूटधाम निवासी कथा वाचक भरतजी महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के सुनने से श्रृद्धालुओं के कष्ट दूर हो जाते है और धर्म लाभ भी प्राप्त होता है। इसके बाद सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा शुरू की। इस अवसर पर संतोष सिंह बैस ,शुभम बैस ,संकेत अग्रवाल, राजेश सिंह बैस ,आयुष अग्रवाल, विजय बैस ,नन्नू सिंह बैस, महादेव सिंह बैस ,रविंद्र सिंह बैस, दिनेश सिंह बैस ,शंकर सिंह कछवाह ,पंचम सिंह कछवाह ,दामेन्द्र सिंह कछवाह गज्जू कछवाह ,डॉ. महेंद्र कछवाह ,कुमान सिंह पायक एवं समस्त बैसम परिवार समस्त श्रद्धालु एवं क्षत्रिय समाज एवं ग्रामवासी आदि समेत समस्त ग्रामीणों का सहयोग सराहनीय रहा।



## खेती में लागत कम उत्पादन अधिक प्राप्त करने दिया परामर्श

# पांजरा में कृषक पाठशाला का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** पांजरा में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी खैरलांजी द्वारा राष्ट्रीय खाद सुरक्षा एवं पोषण मिशन दलहन योजना अंतर्गत कृषक खेत पाठशाला मद (64) अनुसूचित जाति के कृषकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का गुरुवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि सरपंच खिलेश्वर गढ़पाल एवं भूतपूर्व सरपंच श फ़ागूलाल गजभिए उपस्थित थे ।इस दौरान प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकरी आर. पी. मर्सकोले , कृ.वि अधिकारी संघर्ष लांझेवार, नेहा रहांगडाले एवं प्रगतिशील कृषक होलूराम पटले जी उपस्थित थे । इस दौरान वरिष्ठ कृषि अधिकारी आर पी. मर्सकोले ने दलहनी फसलों के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की साथ ही कृषि में लागत कम करने पर विशेष चर्चा की। बताया कि दलहनी फसलों से मृदा की उर्वरता में सुधार होता है तथा हरी खाद का उपयोग करने से मृदा में कार्बन की मात्रा में शीघ्रता से वृद्धि होती है साथ ही खेती मे लागत कम और उत्पादन में वृद्धि करने के लिए उचित परामर्श प्रदान किया। कृषि विकास अधिकारी नेहा रहांगडाले द्वारा कृषि विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई जिसमें प्रमुख रूप से अनुसूचित जाति के लिए प्राप्त होने वाले अनुदान संबंधित योजनाए बलराम तालाब बायोगैस संयंत्र योजना एवं अन्य प्रमुख योजनाओं की जानकारी विस्तृत रूप से आपके द्वारा दी गई। तथा इस दौराकृषि विकास अधिकारी संघर्ष लांझेवार ने राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई साथ ही मृदा परीक्षण के महत्व को भी बताया एवं धान तथा दलहनी फसलों के प्रमुख कीट एवं रोगों के लक्षण एवं उपचार की जानकारी प्रदान की गई।



## खबर संक्षेप

### जिले में 979.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 01 जून से 28 अगस्त 25 तक 979.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है।
विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 28 अगस्त 25 तक विकासखंड सिवनी में 835.6 मि.मी, कुरई में 680.2 मि.मी., बरघाट में 734.6 मि.मी., केवलारी में 1206.0 मि.मी., छपारा 964.5 मि.मी, लखनादौन में 1012.5 मिमी, धनौरा में 937.9 मिमी एवं घंसौर में 1467.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 7838.3 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। ज्ञात हो विगत वर्ष 28 अगस्त 2024 तक कुल 9213.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी।।

# साइड सोल्डर के चक्कर में गडढे में घुसी बस, बाल बाल बचे बस में सवार यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सिवनी से बालाघाट तक रोड की क्षति ग्रस्त और गडढो मे तब्दील रोड मे लोग जोखिम उठाकर आवागमन कर रहे है सडक की स्थिति इतनी बदहाल हो चुकी है की दो पहिया वाहन सवार जान जोखिम मे डालकर सफर कर रहे है यही स्थिति चार पहिया वाहनो की बन चुकी है

**मुख्यमंत्री की घोषणा पर भी अमल नही**

वैसे सिवनी बालाघाट रोड की बदहाल स्थिति को देखकर प्रदेश के मुख्य मन्त्री मोहन यादव के द्वारा एक वर्ष पूर्व ही रक्षा बन्धन पर सिवनी बालाघाट रोड को फोर लाईन मे तब्दील तथा निर्माण की घोषणा की गई थी किन्तु एक वर्ष बीतने के बाद भी अब तक सिवनी बालाघाट मार्ग की जर्जर अवस्था मे निर्माण तो दूर सुधार का कार्य भी प्रारम्भ नही हो पाया है

**राज्य मार्ग निर्माण के लिये प्रक्रिया मे देरी क्यो**

राज्य मार्ग कृमाक 72 जो की सिवनी से बालाघाट तक जुड़ेगा उसके निर्माण की प्रक्रिया को औपचारिक रूप से आरम्भ तो कर दिया गया है तथा एम पी आर डी सी (MP Rural Road Development Carporation)से प्राप्त आदेशो के तहत एस डी एम एवं तहसीलदारो के माध्यम से प्रभावित ग्रामो के राजस्व नक्शे तैयार करने की प्रक्रिया भी जारी है किन्तु इस दिशा मे अब तक ठोस अमल क्यो नही वही दूसरी तरफ यह बात भी सामने आई की मेसर्स एल एन मालवीय इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स भोपाल को इस महत्वपूर्ण परियोजना की फिजिबिलिटी रिपोर्ट तथा डी पी आर ( डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट)तैयार करने की जिम्मेदारी सौपी गई है तथा यह कंपनी भू अर्जन योजना पर भी कार्य कर रही है तथा प्रस्तावित मार्ग पर जिन ग्रामो की भूमि अर्जित की जानी है उनके राजस्व रिकार्ड एवं नक्शे बटाकंन सहित प्रशासन को भेजने की कवायद कागजो तक सिमटती दिखाई दे रही है जिस पर ठोस अमल महिनो बीतने के बाद भी सामने नही है जबकि संभागीय प्रबंधक एम पी आर डी सी से प्राप्त पत्र के आधार पर सिवनी तथा बालाघाट कलेक्टर के द्वारा त्वरित रूप से राजस्व विभाग को नक्शे तैयार करने के निर्देश पूर्व मे ही दिये जा चुके है किन्तु राज्य मार्ग कृमाक 72 के निर्माण कार्य मे देरी क्यो समझ से परे है।

सिवनी बालाघाट रोड वैसे ही जर्जर तथा गडढो मे तब्दील हो चुकी है वही दूसरी तरफ सडक किनारे के साईड सोल्डर आवागमन के हिसाब से जानलेवा साबित हो रहे है और इसी के चलते सिवनी बालाघाट रोड के ग्राम जेवनारा मे मुख्य मार्ग से पटरी मे उतरते ही नंदन बस सर्विस की यात्रीयो से भरी बस अनियंत्रित होकर गहरे गडढे मे जा घुसी हालाकि किसी भी यात्री को गम्भीर चोट तो नही आई किन्तु सिवनी बालाघाट मुख्य मार्ग पर बने गहरे गडढे तथा रोड की जर्जर हालत जानलेवा साबित हो रही है और आये दिन इस मार्ग मे दुर्घटनाऐ घटित होना आम बात हो गई है



**गडढों में तब्दील रोड किन्तु टोल वसूली जारी**

जहा सिवनी बालाघाट रोड की बदहाल स्थिति मे लोग जान जीखिम मे डाल आवागमन कर रहे है किन्तु इस बदहाल सडक मे भी सिवनी तथा बालाघाट मे टोल वसूली बदस्तूर जारी है जबकि टोल वसूली के विरोध मे आम जनमानस से लेकर जन प्रतिनिधियो ने भी सडक पर उतरकर विरोध तो किया ही साथ आये दुर्घटनाओ मे हो रही महतो के आक्रोश मे सत्याग्रह भी हुआ किन्तु टोल वसूली नही रूकी और न ही मार्ग के निर्माण मे तेजी सामने आई राज्य मार्ग 72 सिवनी बालाघाट सिर्फ एक वर्ष बीतने के बाद भी घोषणा की राह मे ही अटका हुआ है अथवा सिर्फ घोषणा तक ही सिवनी बालाघाट रोड का निर्माण सिमटकर रह जायेगा

# मासूम बालक की जान बची, शिक्षक महेश चौधरी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

शासकीय प्राथमिक शाला अर्जुनीआदिवासी बाहुल्य विकासखंड कुरई में कक्षा दूसरी के 6 वर्षीय बालक रवि भलावी के साथ मारपीट और गला दबाने की घटना सामने आई थी। घटना के दौरान बालक की हालत बिगड़ गई, लेकिन परिजनों व ग्रामीणों की समय पर सतर्कता और उपचार से उसकी जान बच गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष व जनप्रतिनिधियों ने तत्काल संज्ञान लिया और जांच कराई। जांच प्रतिवेदन में शिक्षक महेश चौधरी को दोषी पाया गया। कार्यालय कलेक्टर (जनजातीय कार्य विभाग) सिवनी द्वारा 28 अगस्त 2025 को जारी आदेश में कहा गया है कि शिक्षक महेश चौधरी ने छात्र के साथ अमानवीय व्यवहार किया, जो सेवक आचरण नियम 1965 के तहत अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। आदेशानुसार, महेश चौधरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। अब मामले की आगे की विभागीय जांच होगी और दोष सिद्ध होने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## धनौरा पुलिस की गोमांस तस्करी के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई

# आरोपियों के पास से 72 किलो गोमांस सहित कुल्हाड़ी बरामद

सिवनी जिले में धनौरा पुलिस ने रात के समय गोमांस तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गुधना गांव से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 72 किलो गोमांस और कुल्हाड़ी बरामद की गई है। थाना प्रभारी की अगुआई में अभियान चलाया धनोरा थाना प्रभारी मनीष कुमार बंसोड़ ने सुबह 10 बजे बताया कि अवैध मांस के कारोबार की सूचना मिलने पर कार्रवाई की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ धनौरा।

पुलिस अधीक्षक शिमला प्रसाद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा और एसडीओपी घंसौर नम्रता सोंधिया के मार्गदर्शन में विशेष टीम का गठन किया गया।

गिरफ्तार आरोपियों में कविलाल (30), रूपलाल (34) और सवितलाल (24) शामिल हैं। तीनों गुधना गांव के रहने वाले हैं।




आरोपियों के खिलाफ मध्य प्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4, 5, 9 और धारा 325, 3 (5)बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मनीष बंसोड़, सहायक उपनिरीक्षक मानसिंह मरावी, आरक्षक रुपसिंह मरावी, सैनिक समन सिंह उइके, आरक्षक मानसिंह मरावी, देवेश चौधरी, संजय भलावी और भास्कर सरवैया की टीम शामिल रही।

# 10 मिनट का क्रोध 600 मिनट की खुशियां बर्बाद कर देता हैं-मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

श्री पारसनाथ दिगंबर जैन बडा मंदिर सिवनी मध्य प्रदेश में महासमाधिधारक परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के शिष्य आचार्य श्री समय सागर जी महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य में मुनिश्री धर्मसागर जी महाराज मुनिश्री भावसागर जी महाराजं के सानिध्य में एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त योगाचार्य डॉ नवीनं जैन के निर्देशन में 27अगस्त 2025 को मांगलिक क्रियाएं की गई राजस्थान से आए मनटी ऊजैन ,सौम्य जैन ने शास्त्र अर्पण किया ,दसलक्षण महापर्व की तैयारी को लेकर कमेटी की बैठक हुई मांगलिक क्रियाएं संपन्न हुई जिसके अंतर्गत अभिषेक, विशिष्ट मंत्र शांति धारा, विशेष पूजन, संपन्न हुआ , धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री भाव सागर जी महार वहां ने कहा कि धर्म के बिना कीमत नहीं होती है व्यक्ति की ,वह दर-दर की ठोकरे खाता है, धर्म कार्यों में धन खर्च करो , जिसके पास धर्म होता है उसके चरणों मेंभारतीय संस्कृति उत्सव और धर्ममय,पर्वमय संस्कृति रही है, वैभव लौटता है,धर्म से नौ निधियां मिलती है, क्रोध में हमेशा हार होती है क्षमा जय पताका उपहार होती।



**समाधान सीएम हेल्प लाइन हेतू पुलिस अधीक्षक द्वारा जन सुनवाई**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुश्री सिमाला प्रसाद के कुशल नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री दीपक मिश्रा,नपुअ श्रीमती पूजा पांडेय द्वारा समाधान सीएम हेल्प लाइन हेतू नियंत्रण कक्ष सिवनी में जन सुनवाई व निराकरण शिविर का आयोजन किया गया, जन सुनवाई में जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारी गण की उपस्थिति में संवेदनशीलता से जन सुनवाई में पहुंचे आवेदकों को सुना गया।

## तीज त्योहारों के दौरान पुलिस गश्त, जिससे कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराधों पर अंकुश लगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ केवलारी।

पुलिस गश्त अभियान से आमजन में सुरक्षा की भावना जागृत की जा रही है। अनुविभागीय अधिकारी आशीष भरांडे ने बताया किनगर की पुलिस ने त्योहारों को लेकर पैदल गश्त किया, जिसमें स्थानीय दुकानदारों से संवाद कर सुरक्षा की अपील की गई। साथ नगर निरीक्षक एस एस रामटेक्कर पुलिस बल के साथ गश्त किया और आवश्यक निर्देश दिए ताकि त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनी रहे। पैदल गश्त के दौरान संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। जिसमें कुछ संवेदनशील प्वाइंट चिन्हित किए गए है पुलिस विभाग त्योहारों के दौरान सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष प्रयास कर रहा है।

## गणेशोत्सव पर मानव श्रृंखला से बनी गणेश प्रतिकृति



**कान्हीवाड़ा।** सरस्वती शिशु मंदिर में इस वर्ष गणेशोत्सव के अवसर पर भैया-बहिनों ने एक अनोखी और प्रेरणादायी पहल की। विद्यालय प्रांगण में सैकड़ों विद्यार्थियों ने आपस में मिलकर मानव श्रृंखला के माध्यम से भगवान श्री गणेश की भव्य प्रतिकृति बनाई। दूर से देखने पर यह प्रतिकृति अत्यंत आकर्षक एवं जीवंत प्रतीत हो रही थी।
विद्यालय के आचार्यों एवं अध्यापिकाओं के मार्गदर्शन में बच्चों ने अपने अनुशासन, सामूहिकता और सृजनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया। गणेशोत्सव के इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को सशक्त किया बल्कि विद्यार्थियों को एकता, सहयोग और भारतीय संस्कृति से जुड़ाव का गहरा संदेश भी दिया। विद्यालय परिवार का कहना है कि इस तरह की गतिविधियाँ बच्चों में सामूहिक भावना, टीम वर्क और भारतीय परंपराओं के प्रति आदर को बढ़ावा देती हैं। गणेशोत्सव पर आयोजित यह अनूठा आयोजन क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा और लोगों ने विद्यालय परिवार की इस पहल की सराहना की।

## स्वर्गीय डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्डिकर जी की पुण्यतिथि मनाई गई



**सिवनी।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी में कांग्रेस सेवादल के संस्थापक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्डिकर जी की पुण्यतिथि मनाई गई, स्व. हार्डिकर जी के छायाचित्र पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने माल्यार्पण किया व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मोहनसिंह चंदेल द्वारा दीप प्रज्जवलित किया गया। तत्पश्चात उपस्थिति कांग्रेस जनों ने पुष्पअर्पीत कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री नरेश मरावी जी की माताश्री के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की चिरशांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर श्रद्धांजलि अर्पीत की गई।
इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव राजा बघेल, सुरेन्द्र करोसिया, राजा मुबीन, विष्णु करोसिया, मोहनसिंह ठाकुर, मुबारक खान, टिकेन्द्र देशमुख, रत्नेश चैकसे, नन्दू यादव, ठा. जयप्रकाश सिंह परिहार, सुशील सोनकेसरिया, झामसिंह पटेल, जयप्रकाश यादव, सादिक खान, रम्मूलाल धुर्वे, ब्रजपाल उइके, नवीन उइके, रहीम खान, शहबाज खान, आशु खान सहित कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

# जीतू पटवारी के विवादित बयान के खिलाफ भाजपा का जोरदार विरोध, पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा महिलाओं के बारे में दिए गए विवादित बयान के खिलाफ बुधवार को सिवनी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय कचहरी चौक पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और उनका पुतला दहन किया। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन के निर्देशानुसार पूर्व सांसद एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती नीता पटेरिया की उपस्थिति में भाजपा नगर मंडल दक्षिण और नगर मंडल उत्तर ने संयुक्त पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में श्रीमती नीता पटेरिया ने स्वयं जीतू पटवारी के पुतले को आग लगाई। श्रीमती पटेरिया ने कहा कि भाजपा सरकार की लाड़ली बहना योजना और मातृशक्ति के प्रति बढ़ते विश्वास से कांग्रेस बौखलाई हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं की मानसिकता हमेशा महिला विरोधी रही है और जीतू पटवारी के लाड़ली बहनों को बोरे में भर देंगे जैसे बयान इसका उदाहरण हैं। भाजपा सरकार महिलाओं का सम्मान करती है।
श्रीमती पटेरिया बताया कि जीतू पटवारी ने हाल ही में कहा कि मध्यप्रदेश में सबसे ज्यादा महिलाएं शराब पीती हैं और राज्य को यह तमगा मिला है। यह बयान प्रदेश की महिलाओं का अपमान है। उन्होंने कहा कि भारत में महिलाओं को देवी स्वरूपा माना जाता है, ऐसे में इस तरह के बयान निंदनीय हैं, कांग्रेस की महिलाओं के प्रति जो मानसिकता है नहीं बदली तो आक्रोशित मातृशक्ति बची खुची कांग्रेस को समाप्त कर देगी।
कार्यक्रम में जिला भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने कहा कि यह बयान बेहद निंदनीय है। भाजपा सरकार बहनों का सम्मान करती है, जबकि कांग्रेस नेता उनका अपमान कर रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रदेश अध्यक्ष को ऐसे बयान देने की शिक्षा क्यों दे रहे हैं।

# मोटर सायकल चोर चढ़ा बंडोल पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमती सिमाला प्रसाद के निर्देशन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी दीपक मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमती पूजा पांडे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बंडोल उ.नि. अर्पित भैरम व्दारा थाना क्षेत्र मे तत्परता से कार्यवाही की जा रही है। दिनाँक 08.08.2025 को प्रार्थी रमनसिंह पिता अमरसिंह मर्सकोले उम्र 55 साल निवासी बजरवाडा थाना बंडोल ने रिपोर्ट लेख कराया कि यह दिनांक 06/08/25 को बजरवाडा से ग्राम बांदरा जा रहा था, सेमर टोला में हरिप्रसाद के घर के सामने अपनी प्लेटिना मोटर सायकल क्रमांक MP-22-ML-2432 खडी किया था जिसको कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है, रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूध्द अप.क्र.399/25 धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबध्द किया जाकर विवेचना मे लिया गया।
दौरान विवेचना के आरोपी संदेही संदीप पिता दिलीप साहू उम्र 41 साल निवासी शिवम साहू किराना स्टोर्स के पास विजय नगर थाना कलमना नागपुर महाराष्ट्र हाल निवासी संजय कालोनी छपारा से सख्ती से पूछताछ की गई जिसने घटना दिनाँक 06-08-25 को मोटर सायकल क्रमांक MP-22-ML-2432 प्लेटिना कंपनी की चोरी करना तथा बीसावाडी रोड पुराने क्रेशर के पास खंडहर झाडियां में छिपाना स्वीकार किया है, आरोपी संदीप साहू से चोरी की गई मोटर सायकल प्लेटिना कंपनी की कीमती 35000/- रूपये के जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया है, व आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सिवनी पेश कर जेल दाखिल कराया।

# मेरा विद्यालय मेरा स्वाभिमान कार्यक्रम का आयोजन

**सिवनी।** मेरा विद्यालय मेरा स्वाभिमान मध्य प्रदेश शिक्षक संघ अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महा संघ नई दिल्ली के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश शिक्षक संघ प्रांतीय शाखा के आवाहन पर मध्य प्रदेश के 5 लाख विद्यालय में 1 सितंबर 2025 को मेरा विद्यालय मेरा स्वाभिमान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।
इस कार्यक्रम में प्रदेश के सभी विद्यालयों में प्रार्थना स्थल पर मेरा विद्यालय मेरा स्वाभिमान विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए जाएंगे इस कार्यक्रम के लिए मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री द्वारा भी अपनी सहमति प्रदान की गई है इस कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री द्वारा विगत दिवस प्रान्त अध्यक्ष डॉ छतरवीर सिंह राठौड़ के साथभोपाल में किया गया तथा प्रदेश की समस्त संस्था प्रधानों से अपील की गई कि इस कार्यक्रम का आयोजन प्रात प्रार्थना स्थल पर अनिवार्य रूप से आयोजित किया जाए तथा अपने विद्यालय की उपलब्धि तथा अनुशासन की जानकारी बच्चों के बीच बताई जाए।
इसी कड़ी में इस कार्यक्रम का आयोजन सिवनी जिला के भी समस्त विद्यालयों में किया जा रहा है मध्य प्रदेश शिक्षक संघ समस्त संस्था प्रधानों से यह अपील करता है कि 1 सितंबर को अपने विद्यालय में मेरा विद्यालय मेरा स्वाभिमान विषय का आयोजन संपन्न कराया जाए इस सेतु जिला कार्यकारिणी द्वारा समस्त विद्यालयों में पोस्टर एवं संकल्प पत्र का वितरण किया जा रहा है तथा समस्त नगर विकासखंड एवं तहसील पदाधिकारी से यह अपील की गई है कि अधिक से अधिक विद्यालयों में इस कार्यक्रम को आयोजित कर कार्यक्रम के फोटोग्राफ्स एवं प्रतिवेदन जिला कार्यकारिणी को प्रेषित किया जाए।

## राज्य स्तरीय मैच का हुआ समापन

# तीन मैचों के फाइनल में जनजाति ने मारी बाजी

**नेहरू हाकी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के समापन अवसर मु यातिथि सहायक जिला शिक्षा अधिकारी आरपी पाटिल ने कहा कि खेल में जीत हार तो चलती है लेकिन हारने वाले के लिए जीतने वालों से सीखने का सबक मिलता है।**



इस आयोजन में आज तीन मैच खेले गये, पहला मैच15 वर्षीय बालको का हुआ जिसमें जनजाति विभाग ने मंदसौर को 5-1 से हराया, इसी तरह दूसरा मैच 17 वर्षीय मदंसौर एवं जनजाति के बीच खेला गया जिसमें जनजाति 2-1 से विजयी रही, इसी तरह दिल्ली पब्लिक स्कूल व जनजाति के बीच खेला गया जिसमें जनजाति 4-1 से विजयी रही।
कार्यक्रम के नोडल अधिकारी देवेन्द्र ठाकुर ने बताया कि इस आयोजन में रमेश ओझा जस्सी थामस, देवेन्द्र बाथम शैलेन्द्र वर्मा निर्णायक असद खान, अ.रशीद खान रमीज कुरैशी, फैजल खान अभिषेक महेश्वरी आदिल कुरैशी मनाव खान पूर्णि । डहेरिया शाकीर खान तनु पटेल तथा सहयोगी अनिल सिंह राजपूत वाहब खान, आशीष दीक्षित आशीष तिवारी अनुराग तिवारी सहित राकेश नागेन्द्र नोपल जोसफ हेमत विश्वकर्मा सचिन धुर्वे रविन्द्र धुर्वे विपिन कुजंर राजकुमार जबारिया, शैलेन्द्र साहू आदि उपस्थित रहो, विजेता टीमों को ट्राफी प्रदान कर स ाानित किया गया।

# आज से राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

**सिवनी।** भारत सरकार एवं संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार 29 अगस्त 2025 को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की 120 वीं जयंती के उपलक्ष्य में 03 दिवसीय एक घंटा खेल के मैदान में अभियान के अंतर्गत संस्कृति जैन कलेक्टर एवं शिमाला प्रसाद पुलिस अधीक्षक के कुशल मार्गदर्शन तथा श्रीमती मनु धुर्वे जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी जिला सिवनी के नेतृत्व में उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा विभाग, जन जातीय कार्य विभाग व अन्य विभागों के सहयोग से दिनांक 29 अगस्त 2025 से 31 अगस्त 2025 तक राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया जा रहा है।
29 अगस्त को प्रातः 08:00 बजे हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद जी के छायाचित्र पर माल्यापर्ण से कार्यक्रम का शुभांरभ करते हुये फिट इंडिया के तहत शपथ ली जावेगी, तत्पश्चात खिलाड़ियों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित होने के उपरांत हॉकी व कबड्डी के खिलाड़ियों के मध्य खेल प्रतियोगिता आयोजित की जावेगी। साथ ही जिले के विभिन्न संस्था संघ ग्रुप के मध्य रस्साकसी एवं डॉज बॉल प्रतियोगिता महिला एवं पुरुष वर्ग में आयोजित की जावेगी,
जिसमें आयु का कोई बंधन नहीं होगा। 30 अगस्त 2025 को शासकीय स्नात्कोश्रर महाविद्यालय सिवनी के हॉल में फिटनेस संबंधी सेमीनार/वर्कशॉप का आयोजन प्रातः 10:30 बजे से किया जाना है एवं दिनांक 31 अगस्त 2025 को मेजर ध्यानचंद सिंथेटिक हॉकी स्टेडियम सिवनी से सायकिल रैली का आयोजन प्रातः 08:00 बजे से किया जाना है।
उक्त सायकिल रैली मेजर ध्यानचंद सिंथेटिक हॉकी स्टेडियम सिवनी से प्रारंभ होकर नगर पालिका के सामने से होकर, छिंदवाड़ा चैक, मठमंदिर से होकर कटंगी रोड, शुक्रवारी चैक से नेहरु रोड होकर पुनः नगर पालिका के सामने से होकर मेजर ध्यानचंद सिंथेटिक हॉकी स्टेडियम में समाप्त होगी। इसी प्रकार जिले के समस्त विकासखंड में भी राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल प्रतियोगितायें आयोजित होना है। उक्त सभी कार्यक्रम में जिले के सभी खेल प्रेमी, नागरिक, पत्रकार बंधु, विभिन्न संगठन, खेल संघ, खिलाड़ियों, अधिकारियों-कर्मचारियों एवं माननीय जनप्रतिनिधियों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने का अनुरोध किया जाता है।

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 15 सितम्बर से 10 अक्टूबर तक होगा किसानों का पंजीयन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

किसानो को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाने एवं बिचोलियों व दलालों के शोषण से बचाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के इंतजाम किये जा रहे है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के लिए 15 सितम्बर से 10 अक्टूबर 2025 तक किसानो का पंजीयन किया जाएगा।

जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के लिए किसानो का पंजीयन आगामी 15 सितम्बर से प्रारंभ किया जाएगा। पंजीयन का कार्य 10 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा। किसान ग्राम पंचायत, जनपंद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केंद्र तथा सहकारी समितियों द्वारा संचालित पंजीयन केंद्र पर निःशुल्क पंजीयन करा सकते है। किसान एमपी ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क, लोक सेवा केंद्र एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साईबर कैफे पर भी निर्धारित शुल्क जमा कर अपना पंजीयन करा सकते है। इनमें भी प्रति पंजीयन 50 रुपये से अधिक का शुल्क नही लिया जाएगा।

सिकमी, बटाईदार एवं वन पट्टाधारी किसान भी अपना पंजीयन करा सकते है। ऐसे किसानो का पंजीयन सहकारी समितियों द्वारा संचालित पंजीयन केंद्र पर ही किया जा सकेगा। ऐसे किसानो को पंजीयन के लिए आधार, आधार नम्बर से लिंक मोबाईल नम्बर तथा निर्धारित प्रारूप में सिकमीनामा लेकर आना होगा। सिकमीनामें की प्रति ई-उपार्जन पोर्टल पर ऑपरेटर द्वारा स्कैन कर अपलोड की जाएगी, इसके उपरांत ही पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण होगी।



पंजीयन के लिए किसान को भूमि संबंधी दस्तावेज, आधार नम्बर, आधार नम्बर से लिंक मोबाईल नम्बर एवं आधार नम्बर से लिंक बैंक खाते की आईएफएससी कोड सहित जानकारी उपलब्ध कराना होगा। जनधन, अक्रियाशील, संयुक्त बैंक खाते एवं फिनो, एयरटेल, पेटीएम बैंक खाते पंजीयन में मान्य नहीं किये जाएंगे।

किसान का पंजीयन कराने और फसल बेचने के लिए आधार नम्बर का सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। सत्यापन आधार नम्बर से लिंक मोबाईल नम्बर पर प्राप्त ओटीपी या बायोमेट्रिक डिवाईस से किया जाएगा। किसान का पंजीयन केवल उसी स्थिति में हो सकेगा जब किसान के भू-अभिलेख के खाते एवं खसरे में दर्ज नाम का मिलान आधार कार्ड में दर्ज नाम से होगा। भू-अभिलेख और आधार कार्ड में दर्ज नाम में विसंगति होने पर पंजीयन का सत्यापन तहसील कार्यालय से कराया जाएगा। ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत किसानो के रकबे, फसल एवं फसल की किस्म का सत्यापन राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। वन पट्टाधारी किसानो के रकबे एवं फसल का सत्यापन वन विभाग के अमले द्वारा किया जाएगा।

### कलेक्टर ने की बीमा योजनाओं के क्लेम भुगतान की समीक्षा

# बीमा योजनाओं के क्लेम का त्वरित भुगतान करने के निर्देश

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 28 अगस्त को बैंक एवं बीमा कंपनी के अधिकारियों की बैठक लेकर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के क्लेम संबंधी लंबित प्रकरणों की समीक्षा की । बैठक में सहायक कलेक्टर आकाश अग्रवाल, अग्रणी बैंक प्रबंधक संजीव कुमार, बैंक अधिकारी एवं बीमा कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



कलेक्टर श्री मीना बैठक में बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के क्लेम संबंधी प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें। बैंक से बीमा कंपनी को प्रकरण भेजने में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। एक सप्ताह के भीतर सभी लंबित क्लैम प्रकरणों का अनिवार्य रूप से निराकरण करें। जब बैंक द्वारा बीमाधारक से बीमा की राशि जमा कराई गई है तो बैंक अधिकारियों की जिम्मेदारी बनती हैकि बीमाधारक की मृत्यु होने पर उसके नामिनी को समय सीमा में क्लैम दिलायें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होना चाहिए। बैंक अधिकारी इस बात का भी ध्यान रखें कि क्लैम नहीं मिलने संबंधी शिकायत सीएम हेल्पलाईन या जनसुनवाई में आने की स्थिति नहीं बनना चाहिए।

बैठक में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के क्लेम संबंधी लंबित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि इन दोनों योजनाओं में बीमा धारक व्यक्ति की मृत्यु होने पर बीमा धारक के नामिनी से आवेदन प्राप्त होने पर संबंधित बैंक के शाखा प्रबंधक को आनलाईन पोर्टल पर सारी जानकारी और दस्तावेज अपलोड कर बीमा कंपनी को भेजना होता है। इसके बाद बीमा कंपनी द्वारा क्लैम अर्थात दावा राशि मंजूर की जाती है। यह सभी कार्य समय सीमा में करना होता है।

## 13 को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

**बालाघाट।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 13 सितम्बर 2025 (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इस आयोजन के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्राणेश कुमार प्राण की अध्यक्षता में बीमा कंपनी के अधिवक्तागणों के साथ बैठक आयोजित की गई।बैठक में क्लेम से संबंधित प्रकरणों के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही नेशनल लोक अदालत के लाभ के संबंध में उपस्थित अधिवक्तागण को जानकारी प्रदान करते हुए 13 सितम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में सभी बीमा कंपनी के अधिवक्तागण से अधिक से अधिक क्लेम प्रकरणों में राजीनामा के माध्यम से निराकरण किये जाने के लिए सहयोग की अपेक्षा की गई।

# धान की खड़ी फसल में नत्रजन की पूर्ति के लिए यूरिया का छिड़काव करने की सलाह

**बालाघाट।** कृषि विभाग के अधिकारियों ने जिले के किसानो को सलाह दी है कि धान की खड़ी फसल में नत्रजन की पूर्ति के लिए यूरिया का छिड़काव करें। धान की खड़ी फसल में डीएपी एवं एनपीके उर्वरक का उपयोग नही करना चाहिए। वारासिवनी विकासखंड के विभिन्न ग्रामों के किसानों द्वारा एनपीके 20:20:00:13 उर्वरक के खेत के पानी में नहीं घुलने एवं तैरने की शिकायत मिलने पर कृषि अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर वस्तुस्थिति देखी गई और उर्वरक के नमूने लेकर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे गए है।

विकासखण्ड वारासिवनी अंतर्गत ग्राम लडसडा के कृषक श्री थमन चौरागड़े, ग्राम दीनी कृषक श्री जीवनलाल कृभालकार, ग्राम उमरवाड़ा कृषक श्री हेमराज राणा, ग्राम नगझर कृषक श्री श्यामराज पटले द्वारा 01 से 04 अगस्त 2025 के बीच मोबाइल पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, विकासखण्ड वारासिवनी को सूचना दी गई थी, कि 20:20:00:13 खाद को खेत में डालने पर खाद पानी में तैर रहा है। इस पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा चारो ग्रामों में भ्रमण किया गया एवं किसानों से विस्तृत चर्चा की गई थी। 24 से 48 घंटे के अंदर 20:20:0:13 खाद खेत में तली में बैठ गया था एवं घुल रहा था। किसानों के साथ बैठक करने पर किसान इससे संतुष्ट हो गए। खाद की जाचं के लिए सहकारी समिति दीनी से 20:20:0:13 खाद का नमूना दिनांक 03 अगस्त को लेकर उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला में जांच के लिये भेजा गया है। जिसकी रिपोर्ट आना अभी बाकी है।

उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने जिले के किसान भाईयों को सलाह दी है कि धान की खड़ी फसल में नत्रजन की पूर्ति के लिए यूरिया का छिड़काव करे। नत्रजन (80-100 कि.ग्रा./हे.) की आधी मात्रा एवं फास्फोरस (50-60 कि.ग्रा./हे.) एवं पोटाश 40 कि.ग्रा./हेक्टेयर मात्रा खेत की तैयारी के समय देना चाहिए। रोपाई के 3 सप्ताह बाद (कलले निकलने की अवस्था पर) , बूटिंग अवस्था पर (रोपाई के 5-6 सप्ताह बाद) एवं अंतिम टॉप ड्रेसिंग में 7-8 सप्ताह के बाद नत्रजन देना चाहिए।

# राष्ट्रीय खेल दिवस : 29 अगस्त हमें अनेक सकारात्मक संदेश देता है- पाठक

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मप्र कबडडी संघ के उपाध्यक्ष राजेश पाठक का कहना है कि भारत में 29 अगस्त का दिन राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में पूरे देश में खेलों के प्रति जागरूकता और सम्मान के लिए समर्पित किया गया है। मेजर ध्यानचंद केवल एक खिलाड़ी नहीं थे, बल्कि वे अनुशासन, परिश्रम और खेल भावना की जीवंत मिसाल थे। उनके खेल कौशल ने भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। इसीलिए, 29 अगस्त का दिन हमें अनेक सकारात्मक संदेश देता है, जो व्यक्ति और समाज दोनों के लिए प्रेरणादायी हैं।

सबसे पहला और महत्वपूर्ण संदेश है अनुशासन और परिश्रम का महत्व। खेल हमें सिखाते हैं कि सफलता के लिए निरंतर अभ्यास, कठिन मेहनत और समर्पण जरूरी है। मैदान पर कोई भी खिलाड़ी बिना पसीना बहाए जीत का स्वाद नहीं चख सकता। यही जीवन के अन्य क्षेत्रों पर भी लागू होता है। खेल दिवस हमें यह एहसास कराता है कि जीवन में भी अनुशासन और परिश्रम के बिना लक्ष्य हासिल करना कठिन है।



दूसरा बड़ा संदेश है टीमवर्क और सहयोग की शक्ति। चाहे क्रिकेट हो, हॉकी हो या फुटबॉल, टीम भावना के बिना कोई भी खेल सफल नहीं हो सकता। हर खिलाड़ी की अपनी भूमिका होती है और सामूहिक प्रयास ही जीत सुनिश्चित करते हैं। यह समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। खेल दिवस हमें सिखाता है कि व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर सामूहिक लक्ष्य की ओर बढ़ना ही सच्ची सफलता है।

तीसरा संदेश है खेल भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा। खेल हमें जीत और हार दोनों को समान भाव से स्वीकार करना सिखाते हैं। जीवन में भी हर परिस्थिति को धैर्य और संयम के साथ स्वीकार करना जरूरी है।

चौथा संदेश है शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का महत्व। खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मानसिक रूप से भी हमें मजबूत बनाते हैं। आज की व्यस्त और तनावपूर्ण जीवनशैली में खेलों का महत्व और भी बढ़ जाता है।

## केवायसी नहीं कराई तो नहीं मिलेगा गैस सिलेंडर

**बालाघाट।** यदि आप एचपी गैस उपभोक्ता है और आपने केवायसी नहीं कराई है तो सावधान हो जाए। दरअसल, अरिहंत अरीहंत एचपी गैस सेल्स सर्विस सेंटर ने, गैस उपभोक्ताओं के लिए एडवायजरी जारी की है। जिसमें स्पष्ट किया है कि हर उपभोक्ता के लिए जरूरी है कि वह केवायसी और घरेलु गैस का अनिवार्य निरीक्षण कराए। एजेंसी ने जारी बयान में बताया है कि जिन उपभोक्ताओं ने केवायसी नहीं कराई है, उन उपभोक्ताओं की गैस रिफिल आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। एजेंसी ने उपभोक्ताओं से कहा है कि अपने निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर या फिर गैस एजेंसी में जाकर, अपने गैस कनेक्शन में बिना विलंब किए अपनी केवायसी कराए, ताकि आपकी गैस आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रह सके।

# शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में आज शाला प्रबंधन समिती का होगा गठन

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार 29 अगस्त शुक्रवार को जनपद शिक्षा केंद्र खैरलांजी के अंतर्गत आने वाले सभी शासकीय प्राथमिक एंव माध्यमिक शालाओ में शाला प्रबंधन समिती का गठन किया जाना है। यह जानकारी जनपद शिक्षा केंद्र खैरलांजी के द्वारा दि गई। बताया गया कि 29 अगस्त शुक्रवार को जनपद शिक्षा केंद्र के अंतर्गत आने वाले सभी शासकीय प्राथमिक एंव माध्यमिक शालाओ में सत्र 2025 - 26 एंव 2026-27 तक के लिए शाला प्रबंधन समिति का गठन किया जाना है। तथा शाला प्रबंधन समिति के गठन उपरान्त नवनिर्वाचित अध्यक्ष एंव सचिव( प्रधान पाठक) का विकासखंड स्तरीय कार्यालय स्तर पर तीन दिवसीय वित्तीय मामलो का उन्मुखीकरण आनलाइन और आफलाइन कार्यशाला का आयोजन 1 सितंबर से किया जाएगा जो 3 सितंबर तक चलेगा। बीआरसी शंकर लाल भगत ने बताया की 29 अगस्त को शासकीय प्राथमिक एंव माध्यमिक शालाओ में गाईड लाईन के अनुरूप शाला प्रबंधन समिती का गठन होना है। जिसके बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष एंव सचिव को वित्तीय मामलो की सम्पूर्ण जानकारी प्रदाय करने हेतू कार्यशाला का आयोजन होना है।लेखापाल वरूण देव ने बताया आनलाइन कार्यशाला पेमेंट पोर्टल डिजीगोव वर्ष 2022 में किया जा चुका है तथा नवनिर्वाचित अध्यक्ष को समस्त वित्तीय मामले आनलाइन और आफलाइन मालूम होना चाहिए इस हेतू कार्यशाला द्वारा उन्मुखीकर किया जा रहा है । कार्यशाला का आयोजन 1 सितंबर से शुरू होगा जो 3 सितंबर तक चलेगा।

### तिरोड़ी स्टेशन पहुंचकर समयानुसार ट्रेन नहीं चलने पर जताई नाराजगी

# ट्रेनों की मांग को लेकर बसपा ने रेल महाप्रबंधक के नाम सौंपा ज्ञापन



**तुमसर रोड़ बालाघाट प्रातः10.10 बजे चलने वाली गाड़ी को वापस तिरोड़ी से तुमसर रोड़ करने व गोंदिया से कटंगी गाड़ी को तिरोड़ी स्टेशन लाने बसपा ने की मांग**

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बहुजन समाज पार्टी के द्वारा तुमसर रोड से बालाघाट सुबह 10.10 बजे चलने वाली ट्रेन को वापस तिरोड़ी से तुमसर रोड किये जाने व गोंदिया से कटंगी ट्रेन को तिरोड़ी स्टेशन तक लाने की मांग को लेकर दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे जोन बिलासपुर के महाप्रबंधक के नाम बुधवार को तिरोड़ी में स्टेशन प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा गया है।

इस संबंध में ज्ञापन सौंपने पहुंचे बसपा पदाधिकारियों ने बताया कि - सुबह 10.10 बजे तुमसर रोड से बालाघाट चलने वाली गाड़ी जो करीब 11.30 को तिरोड़ी में पहुंचती है। उसी ट्रेन को वापस पूर्वान्तर समयानुसार 12 बजे तिरोड़ी से तुमसर रोड़ चलाई जाए। उन्होंने कहा कि तिरोड़ी क्षेत्र व पठार क्षेत्र के यात्रियों के लिये दोपहर में तुमसर रोड जाने के लिये कोई साधन नहीं है। जो कि कोविड-19 के पहले दोपहर 12 बजे तिरोड़ी से तुमसर रोड के लिये ट्रेन उपलब्ध थी उसे बंद कर दिया गया है जो गलत है। जिसके चलते करीब 100 से 150 गांवों के यात्री के साथ व्यापारीगण भी काफी परेशानियों का सामना कर रहे है। इसके अलावा बीमार व्यक्तियों को भी ईलाज के लिये तुमसर जाने के लिये किसी तरह का साधन न होने के चलते उन्हें भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने रल्वे महाप्रबंधक से मांग की है कि गोंदिया से कटंगी गाड़ी का समय सुबह 8.30 बजे ट्रेन नंबर 78803 व शाम 6.40 बजे ट्रेन नं. 68811 एवं रात्रि 10 बजे ट्रेन नं. 78809 को तिरोड़ी स्टेशन तक चलाई जाए। बसपा पदाधिकारियों ने शीघ्र मांगों पर अमल नहीं करने पर आगामी दिनों में आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

इस दौरान प्रमुख रूप से जोन प्रभारी बसपा अजाबलाल शास्त्री, जिला महासचिव राज्यपाल उके, विधानसभा प्रभभी कटंगी अनिल उके, सचिन कुमार, गेंदलाल बावनकर, संजय मेश्राम, श्री टांडेकर, पंकज सूर्यवंशी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# दीन दयाल पुरम में विराजे श्री गणेश जी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

देवो में पुज्य प्रथम देव भगवान श्री गणेश जी की पूजन करने से वे बहुत जल्दी प्रसन्न होकर सभी भक्तों की मनोकामना पूरी करते है 1 साल में एक बार ये मौका मिलता है जिसमें गणेशजी की स्थापना का 10 दिवसीय कार्यक्रम होता है और इस दौरान गणेश की पूजा-अर्चना से सभी प्रकार का दुख दरिद्री तकलीफ से मुक्ति का मार्ग भी खुलता है।

जन कल्याण और विश्व शांति की कामना को लेकर पहली बार वार्ड नंबर 23 नई दीन दयाल पुरम कॉलोनी धोबी घाट के पास में भगवान श्री गणेशजी की स्थापना पंडित श्री सुधीर तिवारी द्वारा पूरे विधि-विधान से 27 की सायं को किया गया है 1 इस कार्यक्रम में पूरे कॉलोनी वासी हिस्सा ले रहे है और तन मन धन से सेवा कर रहे है 1 गणेश जी की सुबह की आरती 9 बजे एवं शाम की आरती 8:00 बजे होगी 1 इसी के प्रतिदिन बच्चों के मनोरंजन हेतु रंगारंग कार्यक्रम एवं महिलाओं के भजन रोज आयोजित किए गये है 1 अतः भगवान श्री गणेश जी से अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करने की कामना से पूजन आरती में शामिल होवे।



# ग्राम सोनपुरी में बनाई गई ऋषि पंचमी



हरिभूमि न्यूज उकवा।

28 अगस्त ग्राम सोनपुरी मे ऋषि पंचमी बड़े धूमधाम से मनाई गई जिसमें ग्राम के नाग देवता सर्फी मंडल के सदस्य ने बताया ऋषि पंचमी उन महान ऋषियों को याद करने का दिन है जिन्होंने समाज को धार्मिक, आध्यात्मिक और नैतिक मार्गदर्शन दिया। उनके उपदेश और वेद मंत्र आज भी लोगों को सही जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। इस दिन महिलाएं विशेष रूप से व्रत रखती हैं। माना जाता है कि यह व्रत पवित्रता और आत्मशुद्धि का प्रतीक है जिसमें उपस्थित समाज सेवी संदीप गजभिये प्रमोद मरकाम, बिसन मरकाम शक्ति तेकाम राजेश तेकाम सर्फी मंडल के समिति के सदस्य अगनू धनकड़े, कृष्ण घुले, राजेश उमरे, नारायण राऊत, भोजराज बिसेन, राकेश धनकड़े,दीपक प्रजापति, राहुल शनिचरे, घनश्याम कोडोपे, अंकित गौतम, जागेश गौतम, जितेंद्र बर्वे, सोनू रक्षा एवं समस्त ग्रामवासी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### दी बुद्धिस्ट सोसायटी की राज्य स्तरीय बैठक 30 को भोपाल मेंजिले के पदाधिकारी होगें शामिल

# एसएसडी का विशेष सैनिक प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया भारतीय बौद्धो की राष्ट्रीय धम्म संस्था एवं उसका संरक्षण विभाग अर्थात सैनिक समता दल मध्यप्रदेश रेगीमेंट का विशेष सेनिक प्रशिक्षण 30 अगस्त को व संस्था की आवश्यक समीक्षा बैठक दिनांक 31 अगस्त को भोपाल मुख्यालय के बुद्धिस्ट स्मारक समिति पंचशील नगर स्टाप में दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। यह बैठक मध्यप्रदेश राज्य शाखा दक्षिण के पालक मंत्री मंबई के मुख्य आतिथ्य में डा. एडवोकेट एसएस वानखेडे राष्टीय सचिव एवं केन्द्रीय प्रशिक्षण विभाग प्रमुख मुंबई के प्रमुख आतिथ्य में एवं डा. चरनदास ढेंगरे जी अध्यक्ष म.प्र. राज्य शाखा दक्षिण तथा केन्द्रीय शिक्षक मध्यप्रदेश की अध्यक्ष में, आर.सी. दिवाकर अध्यक्ष म.प्र.. राज्य शाखा उत्तर के स्वागत अध्यक्षता में यह आयोजन सम्पन्न होगा। इस आयोजन के प्रमुख अतिथि गौतम पाटिल राष्टीय संगठक भोपाल होगें व एसएसडी के विशेष सैनिक प्रशिक्षण शिविर में डा. उत्तम प्रधान लेफ्टीनेट कर्नल इंदौर, डा. शांताराम वाघ लेफ्टीनेंट कर्नल सैनिक समता दल इंदौर, राजेश खिल्लारे डीवीजन आफिसर एसएसडी भुसावल शिविर में प्रशिक्षण देगें। ज्ञात हो कि 20 मार्च 1927 को बोधिसत्व डा. बाबा साहेब आंबेडकर ने सैनिक समता दल की स्थापना की थी। इस घटना को आने वाले 20 मार्च 2027 को 100 वर्ष हो रहे है। सैनिक समता दल के राष्टीय अध्यक्ष बाबा साहेब आंबेडकर के पौत्र डा. भीमराव यशवंत राव आंबेडकर ने यह संकल्प लिया है कि आने वाले 20 मार्च 2027 में एक लाख सैनिक तैयार करना है इसलिये पूरे भारत देश के साथ मध्यप्रदेश के सभी उत्तर दक्षिण के जिला शाखाओं से अनुरोध है कि संस्थ के उद्देश्यो की पूर्ति हेतु सैनिको की संख्या बढाते हुये प्रमुख पदाधिकारियों के साथ विगत दिनों की प्रगति रिपोर्ट लेकर उपस्थिति देवे। इस आयोजन में उत्तर के महामंत्री सत्येन्द्र बौद्ध ग्वालियर मंच संचालन करेगें। वही भोपाल के मनोज कुमार निकोसे प्रदेश सचिव एवं दिलीप बनकर अध्यक्ष भोपाल एवं उनकी टीम आयोजित कार्यक्रम की व्यवस्था देखेगें। इस अवसर पर समस्त पदाधिकारियो से उपस्थिति की अपील की गई है।



NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त... स्वामी विवेकानन्द (प्रा.) आई.टी.आई.
न्यूनतम शुल्क
सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार
रोजगार हेतु केम्पस प्लेसमेन्ट
Admission Open
इलेक्ट्रिशियन
फिटर
मोती तालाब के पास, सुरभि नगर, बालाघाट, मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE • B.Sc. (Hons.)Ag. • B.Tech (Agril) Engg. • M.Sc. (Ag.) ABM
PARAMEDICAL BPT | BMLT BHN | DMLT | DXRT D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION BCA | MCA B.SC. | M.SC. DCA | PGDCA
COMMERCE •B.Com •M.Com
NURSING GNM | B.Sc.Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111